प्रादेशिक समाचार

08.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की अधिसूचना के बाद राजमहल अनुसूचित जनजाति आरक्षित लोकसभा सीट से अभी तक कुल पांच लोगों ने नामांकन पर्चा खरीदा है। बता दें कि झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया है। दुमका संसदीय सीट से एनडीए की उम्मीदवार सीता सोरेन और इंडी गठबंधन के उम्मीदवार नलिन सोरेन 10 मई को नामांकन करेंगे।

****

प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश त्वचा के रंग के आधार पर लोगों का अपमान नहीं सहेगा। आज तेलंगाना के वारंगल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंम्हे राव को लेकर भी कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीति रही है कि राष्ट्र प्रथम है, जबकि कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति–बी.आर.एस. जैसी पार्टियों के लिए परिवार सबसे पहले है। परिवार को सबसे पहले रखने की नीति के कारण कांग्रेस ने पी.वी. नरसिम्हा राव का अपमान किया, जबकि एनडीए ने उन्हें सम्मान देते हुए भारत रत्न प्रदान किया।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में आज सरायकेला प्रखंड के ईटाकुदर पंचायत और खरसावां प्रखंड के जोजोडीह पंचायत के विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी मतदाताओं को अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

****

पलामू जिले में शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

****

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर को ईडी की टीम आज रांची जेल से ईडी कार्यालय लाकर पूछताछ कर रही है। ईडी दोनों से बरामद हुए लगभग पैंतीस करोड़ रुपये की जानकारी जुटा रही है। बता दें कि सोमवार को गिरफ्तारी के बाद कल ईडी ने दोनों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए छह दिनों की रिमांड पर लिया है।

****

देवघर एयरपोर्ट से एक जून से देवघर–बेंगलुरू की सीधी फ्लाइट शुरू होने वाली है। महज ढ़ाई घंटा में देवघर से बेंगलुरू की यात्रा पूरी होगी। इंडिगो की यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन चलेगी। 186 सीट वाली यह विमान सेवा मंगलवार, वृहस्पतिवार और शनिवार को होगी। सांसद डा. निशिकांत दुबे ने कहा कि एक जून से यह फ्लाइट शुरू होगी।

****

नागर विमानन मंत्रालय ने उडान रद्द होने के मामले में एयर इंडिया एक्सप्रेस से रिपोर्ट मांगी है और इस मुद्दे का तुरंत समाधान करने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस को नागर विमानन महानिदेशालय के नियमों के अनुसार यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने को भी कहा है। इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उडानें चालक दल के वरिष्ठ सदस्यों् द्वारा सामूहिक रूप से सिक–लीव पर चले जाने कारण रद्द कर दी गई थीं। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार कल रात से उडानों का रद्द होना और उडानों में देरी होनी शुरू हुई जो आज सुबह तक जारी रही।

****

जमशेदपुर के बिष्टुपुर में आज डॉक्टर एसपी फाउंडेशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने डॉक्टर टी के चटर्जी द्वारा लिखित पुस्तक थैलेसीमिया का विमोचन किया। श्रीराय ने कहा कि आज देश में थैलेसीमिया, एनीमिया जैसे रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में भाकपा माओवादियों के खिलाफ कल देर रात पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाकर गोईलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र के राजबासा जंगल से 350 पीस डेटोनेटर समेत कई सामान बरामद किया है।

********समाप्त*********